नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय दस्तखत हाकिम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	03/12/19	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता सुनील सुनिता ने उपस्थित होकर अस्थाई निषेधाज्ञा को खारिज करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसे शामिल मिसल किया गया। पत्रावली वास्ते आदेश दिनांक 06/12/19 को पेश हो।	
	06/12/19	... हुई। आज पीठासीन अधिकारी ... में व्यस्त/अवकाश पर होने से ... ईलतुवा होकर दिनांक 10/12/2019 को पेश हो।	
	10/12/19	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा राजस्व विविध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम प्रस्तुत कर निवेदन किया गया की ग्राम मेलड़ी के खसरा नं. 854/112, 854/113, व 854/118 में प्रार्थीगण के उपयोग व उपभोग में अप्रार्थीगण द्वारा संख्या 1 ता 3 किसी प्रकार से दखल अन्दाजी न करे, खेंचतान न करें आदि से अप्रार्थीगण को अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द करावें।	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख ... बमुताबिक ... हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगणों को वाद ग्रस्त आराजी ग्राम नेतड़ा के ख०नं० 854/112, 854/113 व 854/118 में आगामी तारीख पेशी तक राजस्व रेकर्ड की यथा स्थिति बनाये रखे एवं कोई भी हस्तान्तरण नहीं करे, अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया गया।	
	प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा ही प्रार्थना पत्र श्रीमान के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अस्थाई निषेधाज्ञा जारी कर रखी है जो प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा ही ली गई है।	
	उक्त प्रकरण को प्रार्थीगण आगे नहीं चलाना चाहते हैं तथा विड्रो करना चाहते हैं अस्थाई निषेधाज्ञा को खारीज फरमाने व प्रकरण विड्रो खारीज करने के आदेश फरमावें।	
	अतः जरिये अधिवक्ता प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रकरण विड्रो करने को स्वीकार किया जाता है तथा पूर्व में जारी 22.2.17 के आदेश को खारीज किया जाता है। प्रार्थीगण जरिये अधिवक्ता प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 रा.का.अ. खारीज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।	
	अधिकारी	

Signature Not Verified
Digitally signed by Hema Ram Chouhan
Date: 2019.12.23 11:13:18 IST
Reason: SelfAttested
Location: